# पंजाब विधानसभा में महिलाओं के सम्मान पर हुई तीखी बहस, सुखपाल सिंह खैरा के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास

### वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने खैरा के बयान की कड़ी निंदा करते कहा, ऐसे बयान माताओं और बेटियों के अपमान के बराबर हैं और कांग्रेस हाईकमान को उन्हें तुरंत पार्टी से बर्खास्त कर देना चाहिए

समर न्यूज़ | चंडीगढ़





पंजाब विधानसभा के बजट सत्र में आज एक बार फिर महिलाओं के सम्मान को लेकर भारी राजनीतिक हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा द्वारा सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सदन में निंदा प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे आज पारित कर दिया गया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने खैरा के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे बयान राज्य की माताओं और बेटियों के अपमान के बराबर हैं और कांग्रेस हाईकमान को उन्हें तुरंत पार्टी से बर्खास्त कर देना चाहिए।

**▪ 'मावां-धियां सत्कार योजना' पर विवाद** – चीमा ने बताया कि खैरा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि 'मावां-धियां सत्कार योजना' के तहत 1000 रुपये की घोषणा का जश्न मनाने वाली महिलाएं बहादुरों को कैसे जन्म दे सकती हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बयान न केवल महिलाओं के प्रति अपमानजनक है, बल्कि उन मूल्य और आदर्शों का भी उल्लंघन करता है जिन पर पंजाब समाज आधारित है। उन्होंने इसे शर्मनाक और अस्वीकार्य बताया।

**▪ बजट सत्र में कांग्रेस और AAP के बीच हंगामा**

आज के बजट सत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी बहस हुई। कांग्रेस विधायक तृप्त राजिंदर बाजवा ने सरकारी मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सरकारी कॉलेज के बजाय प्राइवेट संस्थानों की मदद को अधिक महत्व दिया जा रहा है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिद्धू ने कहा कि प्राइवेट कॉलेजों को भी सहायता प्रदान की जाती है। विपक्षी नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि मंत्री केवल अपने बनाए मेडिकल कॉलेज के विषय में बात करें। इस पर मंत्री अमन अरोड़ा जवाब देने के लिए खड़े हुए, लेकिन विरोध बढ़ने पर स्पीकर ने संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि सभी मंत्री किसी भी विषय के लिए जिम्मेदार हैं।

**▪ सदन में हंगामे के बीच निंदा प्रस्ताव पारित** – सुखपाल खैरा के खिलाफ पेश निंदा प्रस्ताव पर सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। सत्ता पक्ष ने जोरदार "हाँ" का नारा लगाकर प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि विपक्ष ने मत देने से इनकार किया और चुप रहे। मंत्री अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि चुप रहना मतदान नहीं माना जाएगा। इसके बाद स्पीकर ने निंदा प्रस्ताव को पारित कर दिया।

**▪ कांग्रेस नेताओं के बयान और विवाद** – मंत्री अरोड़ा ने कहा कि खैरा ने महिलाओं के प्रति शर्मनाक बयान दिया है, जो हल्की मानसिकता और घिनौनी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अक्सर ऐसे विवादित बयानों से किनारा करती रही है। इस पर कांग्रेस विधायक दल ने खेद जताया और माफी मांगी। AAP विधायक इंद्रजीत कौर मान ने कहा कि खैरा के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और यह मामला राज्य स्तर तक ले जाया जाएगा।

**▪ सदन स्थगित और राजनीतिक तनाव** – हंगामे के चलते स्पीकर ने सदन को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया। सदन में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच लगातार बहस और विरोध-प्रतिक्रिया जारी रही। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि विपक्ष द्वारा गालियां और अपशब्द का इस्तेमाल करना पूरी तरह अस्वीकार्य है और ऐसे व्यवहार को सदन में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**▪ राजनीतिक और सामाजिक संदेश** – हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह मामला पंजाब में महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के मुद्दे पर गहरी बहस को जन्म दे रहा है।

उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि खैरा के गैर-जिम्मेदाराना और महिला विरोधी व्यवहार के खिलाफ एकजुट हों। उनका कहना था कि सदन को स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि पंजाब की महिलाओं के प्रति अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**महिला विधायकों ने खैरा से माफी की मांग की**

सदन में महिला विधायकों ने जोर देकर कहा कि इस तरह के अपमानजनक बयानों की कोई बहाना नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि खैरा को अपनी पोस्ट और टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि खैरा के बयान ने दलित महिलाओं और आम महिलाओं का अपमान किया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## केरल के मंत्री पर पत्नी के गंभीर आरोप

### विवाह के बाद से ही रिश्ते में लगातार मतभेद और परेशानियां बनी रहीं

समर न्यूज़ | केरल




केरल में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी माहौल के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है, जिससे सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा असहज नजर आ रहा है। राज्य के परिवहन मंत्री के.बी. गणेश कुमार की पत्नी बिंदु मेनन ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बिंदु मेनन का दावा है कि उन्होंने मंत्री को उनके आवास पर एक अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा। उनका कहना है कि जब उन्होंने इस घटना के बाद पुलिस को बुलाने की कोशिश की, तो मंत्री के करीबी सहयोगियों ने उन्हें घर के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया।

मीडिया से बातचीत में बिंदु मेनन ने कहा कि उनका वैवाहिक जीवन लंबे समय से तनाव से गुजर रहा था। उन्होंने बताया कि 2014 में विवाह के बाद से ही रिश्ते में लगातार मतभेद और परेशानियां बनी रहीं। उनके अनुसार, पिछले दो महीनों से वे अलग रह रही थीं और इस दौरान मंत्री ने उनका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया था। वह शनिवार को कोल्लम जिले के वलाकम स्थित मंत्री के घर पहुंचीं। बिंदु मेनन के मुताबिक, जब वह घर के अंदर दाखिल हुईं और बेडरूम तक पहुंचीं, तो वहां का नजारा देखकर वे स्तब्ध रह गईं। जो कुछ उन्होंने देखा, उसे बयान करना मुश्किल है।

## निर्माण श्रमिकों की अर्जियों का निपटारा अब 62 दिन में होगा

चंडीगढ़। श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने निर्माण श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा सुधार करते हुए प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसके तहत अर्जियों के निपटारे का समय 165 दिनों से घटाकर केवल 62 दिन कर दिया गया है। इस कदम से पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के माध्यम से लाभार्थियों को मिलने वाले लाभों में बड़ा इज़ाफ़ा हुआ है और 1 अप्रैल 2025 से अब तक 45,578 श्रमिकों को 146.77 करोड़ रुपये के लाभ दिए गए हैं, जो पिछली सरकार के अंतिम वर्ष के दौरान 4,977 श्रमिकों को दिए गए 14.73 करोड़ रुपये से लगभग 10 गुना अधिक हैं।

## कमजोर जांच, डगमग गवाह व अधूरी पड़ताल

### छत्रपति हत्या केस में राम रहीम को मिला संदेह का लाभ

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार राम चंदर छत्रपति हत्या मामले में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को दी गई उम्रकैद की सज़ा रद्द कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह फैसला उन्हें निर्दोष घोषित करने के आधार पर नहीं, बल्कि अभियोजन द्वारा आरोप साबित न कर पाने के कारण दिया गया है। हालांकि अन्य तीन दोषियों कुलदीप सिंह उर्फ काला, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सज़ा बरकरार रखी गई है।

छत्रपति ने 31 मई 2002 को अपने अखबार 'पूरा सच' में एक साध्वी का गुमनाम पत्र प्रकाशित किया था, जिसमें डेरा में यौन शोषण के आरोप लगाए गए थे। 24 अक्टूबर 2002 को उन्हें गोली मारी गई और एक महीने बाद उनकी मौत हो गई। 2019 में सीबीआई की विशेष अदालत ने राम रहीम को आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया था।

हाईकोर्ट ने पाया कि राम रहीम के खिलाफ मामला लगभग पूरी तरह एक गवाह खट्टा सिंह के बयान पर आधारित था। अदालत ने उसे पिंग-पोंग गवाह बताया क्योंकि उसने अलग-अलग समय पर अलग-अलग बयान दिए। पहले उसने सीबीआई के समक्ष साजिश की कहानी कही, फिर ट्रायल में उससे मुकर गया, और बाद में दोबारा बयान बदल दिया। अदालत ने कहा कि ऐसे गवाह की विश्वसनीयता संदेहास्पद हो जाती है। खट्टा सिंह के अनुसार साजिश 23 अक्टूबर 2002 को जालंधर के एक सत्संग के बाद बनी थी। लेकिन जांच में यह तक पुख्ता नहीं किया गया कि सत्संग हुआ भी था या नहीं। रिकॉर्ड में सामने आया कि कार्यक्रम जालंधर नहीं, बल्कि जीरा में हुआ था। सीबीआई ने इस विरोधाभास की गहन जांच नहीं की। फैसले में एक और गंभीर कमी की ओर इशारा किया गया। सब-इंस्पेक्टर राम चंदर को गवाह के रूप में पेश नहीं किया गया। वही अधिकारी थे जिन्होंने घायल छत्रपति का बयान दर्ज किया था। परिवार का दावा था कि उसमें राम रहीम का नाम था।

## दुकान में फंसे लुटेरे को होशियारपुर में लोगों ने 2 घंटे बंद रखा

समर न्यूज़ | होशियारपुर

फगवाड़ा रोड पर स्थित एक मोबाइल दुकान में हथियारबंद युवक घुस गए। दुकान में घुसकर उन्होंने गुंडागर्दी की, लेकिन कुछ ही देर में स्थानीय लोगों ने दुकान का शटर बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद बदमाश दुकान के अंदर की फंस गए। इसके अलावा दुकान में काम करने वाली 2 युवतियां भी लुटेरों के साथ बंद हो गईं।। इस दौरान उन्होंने तोड़फोड़ कर तेज आवाज में बाहर खड़े लोगों को डराने की कोशिश की। लेकिन जब उन्हें लग गया कि वे अब पकड़े गए हैं, तो शटर खुलवाने की मिन्नतें करनी शुरू कर दीं। लुटेरों ने कहा- भाई साहब, शटर उठवा दो, हमें घर भी जाना है। लोगों ने करीब 2 घंटे तक लुटेरों को शटर में ही बंद रखा।

## सड़क हादसे में युवक की हुई मौत, साथी गंभीर घायल

समर न्यूज़ | मोगा

कोटईसेखां रोड पर देर रात एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार, 39 वर्षीय सोनू कुमार, निवासी गुरुद्वारा बीबी वाला, पुराना मोगा, अपने दोस्त किरणदीप सिंह के साथ वालिया पैलेस में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था।

देर रात दोनों स्कूटी पर सवार होकर मोगा लौट रहे थे। गांव गगड़ा के नजदीक पहुंचने पर अचानक स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े।

गड्ढे में गिरने से हुई मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के दौरान किरणदीप सिंह सड़क के दूसरी ओर जा गिरा, जबकि सोनू कुमार स्कूटी सहित सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरने से सोनू कुमार को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घायल किरणदीप सिंह को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी नछत्तर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्कूटी का संतुलन बिगड़ने के कारण हादसा होना सामने आया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा बने पिता

### पत्नी लिन ने बेटी को दिया जन्म, रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम पोस्ट कर इसकी जानकारी दी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



हरियाणा के रहने वाले बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी लिन लैशराम ने बेटी को जन्म दिया। रणदीप हुड्डा ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

रणदीप ने अपने पिता और बेटी की फोटो शेयर करते हुए हरियाणवी में लिखा, "दादा अर पोती नै जन्मदिन की घणिए बधाई।" रणदीप के पिता रणवीर हुड्डा का आज ही जन्मदिन है। इसके बाद रणदीप ने इंग्लिश में लिखा, "आज, जब मैं पिता बना हूं, तो आपके लिए मेरा सम्मान और भी गहरा हो गया है, पापा। और सबसे महत्वपूर्ण बात- लिन, मुझे पिता बनाने और हमारी छोटी बच्ची को इस दुनिया में लाने के लिए धन्यवाद। एक छोटी लड़की और जीवन भर का प्यार।"

रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने 29 नवंबर 2023 को मणिपुर के इंफाल में पारंपरिक मैतेई रीति-रिवाज से शादी की थी। एक दिन पहले रणदीप हुड्डा की पत्नी लिन लैशराम ने इंस्टाग्राम पर बेबी बंप के साथ फोटो शेयर की थी। लिन ने लिखा- कैमरे के सामने काम करते हुए सालों तक उन्हें अपने शरीर को लेकर कई तरह की असुरक्षाएं महसूस होती थीं। कभी बहुत पतली, कभी बहुत मोटी या कभी किसी और वजह से, लेकिन अब प्रेग्नेंसी के दौरान अपने शरीर का यह बदलाव सबसे खूबसूरत लग रहा है। आज वह अपने शरीर की आलोचना नहीं करतीं, बल्कि इस बदलाव के लिए आभारी हैं।

## धार्मिक डेरे के पास खाली प्लॉट में मिला सड़ा हुआ शव

समर न्यूज़ | बठिंडा

नरूआना गांव में एक धार्मिक डेरे के पास स्थित खाली प्लॉट में एक गली-सड़ी लाश मिली है। सूचना मिलने पर सामाजिक संगठन सहारा जन सेवा की लाइफ सेविंग ब्रिगेड हेल्पलाइन टीम, जिसमें विक्की कुमार, संदीप गोयल और प्रधान गौतम गोयल शामिल थे, घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि लाश कुत्तों द्वारा नोची गई थी और काफी पुरानी प्रतीत हो रही थी। लाश के पास से मृतक की शिनाख्त हो सके, ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली। इसके बाद थाना सदर पुलिस को सूचित किया गया।

**▪ पुलिस ने मौके पर पहुंच शुरू की जांच** – सूचना मिलने पर थाना सदर पुलिस और पुलिस के उच्च अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। थाना सदर प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है, लेकिन फिलहाल मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

प्रभारी जसविंदर सिंह के अनुसार, लाश काफी पुरानी लग रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने लाश को बठिंडा अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सहारा संस्था के अध्यक्ष गौतम गोयल ने बताया कि उनकी टीम पुलिस कार्रवाई के बाद लाश को मोर्चरी तक पहुंचाने में सहयोग कर रही है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

**विधानसभा** | भगवंत सिंह मान ने शिक्षा, रोजगार और मुफ्त बिजली पर किए वादे दोहराए

## मान ने विपक्ष पर साधा निशाना, युवाओं को सौगात

समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर के आदमपुर में आयोजित 'लोक मिलनी' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। सीएम मान ने पंजाब के युवाओं की शिक्षा और रोजगार की जिम्मेदारी लेते हुए कई बड़ी घोषणाएं कीं। साथ ही, उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और विपक्षी पार्टियों अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी सरकार जनता के हित के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य का खजाना खाली नहीं है। सीएम मान ने कार्यक्रम में भावुक होते हुए कहा कि जब 80 वर्षीय बुजुर्ग अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए गुहार लगाते हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब के युवाओं के भविष्य, उनकी पढ़ाई और नौकरी की पूरी जिम्मेदारी अब APP सरकार की है। उन्होंने महिलाओं को सरकारी नौकरियां देने का भी भरोसा दिलाया। विरोधियों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारी संख्या में लोग खुद इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अगर शिरोमणि अकाली दल, भाजपा या कांग्रेस को इतनी भीड़ जुटानी हो, तो उन्हें डेढ़ लाख रुपए की जलेबियां बांटनी पड़ जाती हैं, फिर भी लोग नहीं आते। खजाना खाली होने के दावों को खारिज करते हुए सीएम मान ने कहा कि सरकारी खजाना नहीं, बल्कि विपक्ष की (नीत) नीयत खाली है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने थर्मल प्लांट खरीदकर राज्य को बिजली में आत्मनिर्भर बनाया है। सुखबीर बादल पर सीधा प्रहार सुखबीर बादल का नाम लेते हुए मुख्यमंत्री ने कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी धन, हीरे या मोती इकट्ठा कर ले, लेकिन अंत में सबको खाली हाथ ही जाना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने पंजाब का बुरा हाल किया, वे आज इसे 'बचाने' की बात कर रहे हैं।अग्निवीर और बिजली दरों पर बयान मुख्यमंत्री ने 'अग्निवीर योजना' की आलोचना करते हुए कहा कि युवाओं को समय पूरा होने पर वापस भेज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने न केवल मुफ्त बिजली का वादा पूरा किया, बल्कि बिजली की दरों में कटौती की है।

## पंजाब में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला बीएलओ सम्मानित

चंडीगढ़। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जमीनी स्तर पर चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली महिला बीएलओ के समर्पण को मान्यता और सम्मान देने के लिए पंजाब के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तर पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से बेहतर कार्य करने वाली तीन महिला बी.एल.ओ. को संबंधित डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारियों द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवा और मतदाता सूची के संशोधन में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान महिला बी.एल.ओ. के निरंतर प्रयासों को सराहा गया, जो नागरिकों के साथ सीधे संपर्क में रहकर पूरी निष्ठा से कार्य करती हैं और चुनाव आयोग तथा मतदाताओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करती हैं।

## टोल पर खड़ी पिकअप में घुसी अर्टिगा प्रिंसिपल और बेटे समेत तीन की मौत

### चौलांग टोल प्लाजा पर हादसा, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर स्थित चौलांग टोल प्लाजा पर सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टोल प्लाजा पर खड़ी एक पिकअप में पीछे से आ रही अर्टिगा कार जा घुसी, जिससे कार में सवार मां-बेटे और पिकअप ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप का क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मृतकों की पहचान दसूहा स्थित केएमएस कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. शबनम सैनी, उनके 18 वर्षीय बेटे तुषांत और पिकअप ड्राइवर राहुल उर्फ मिट्ठू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ड्राइवर राहुल गुरदासपुर का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार डॉ. शबनम सैनी अपने बेटे तुषांत के साथ जालंधर गई थीं, जहां वह अमेरिका से आई अपनी बेटी से मिलने पहुंची थीं। शाम को बेटी से मुलाकात कर दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान चौलांग टोल प्लाजा के पास यह हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात के समय पिकअप वाहन टोल प्लाजा के पास खड़ा था, लेकिन उसकी पार्किंग लाइट तक नहीं जल रही थी। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही अर्टिगा कार चालक को खड़ा वाहन दिखाई नहीं दिया और उसने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो पिकअप पलट गई और अर्टिगा कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में घायल पिकअप क्लीनर विलियम ने बताया कि वे जालंधर से सामान खाली कर वापस लौट रहे थे और टोल प्लाजा के पास कुछ देर के लिए रुक गए थे। इसी दौरान पीछे से आए वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे पिकअप पलट गई और ड्राइवर राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की तेज आवाज सुनकर टोल प्लाजा के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को गाड़ियों से बाहर निकालने की कोशिश की। टोल कर्मचारी अमन ने बताया कि जोरदार धमाके की आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे।